भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

25.03.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 5357 का उत्तर

तिरुवेरुम्बुर रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ियों का ठहराव

5357. श्री दुरई वाइको:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को तिरुचिरापल्ली जिले के तिरुवेरुम्बुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वहां अतिरिक्त रेलगाड़ियों के ठहराव प्रदान करने के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का तिरुवेरुम्बुर रेलवे स्टेशन पर 16615/16616 - चेम्मोज़ी एक्सप्रेस (मन्नारगुड़ी-कोयंबटूर-मन्नारगुड़ी), 12083/12084 - मइलादुतुरै-कोयंबटूर-मइलादुतुरै जन शताब्दी एक्सप्रेस, 16187/16188 - एर्नाकुलम-कराइकाल-एर्नाकुलम एक्सप्रेस का ठहराव प्रदान करने पर विचार है;

(ग) क्या इस संबंध में कोई व्यवहार्यता अध्ययन/यात्री मांग आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) तिरुवेरुम्बुर रेलवे स्टेशन पर उपरोक्त रेलगाड़ियों का ठहराव प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): तिरुवेरुम्बूर के यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए, दिनांक 26.01.2026 से गाड़ी सं. 22675/22676 चेन्नै एग्मोर-तिरुच्चिराप्पल्लि चोलन एक्सप्रेस का तिरुवेरुम्बूर स्टेशन पर ठहराव दिया गया है। तदनुसार, तिरुवेरुम्बूर स्टेशन वर्तमान में निम्नलिखित 27 रेल सेवाओं

द्वारा सेवित किया जा रहा है:

क्र.सं.	रेलगाड़ी संख्या और नाम
1	16231 कडलूर पोर्ट-मैसूरु एक्सप्रेस
2	16232 मैसूरु-कडलूर पोर्ट एक्सप्रेस
3	16807 ताम्बरम-तिरुच्चिराप्पल्लि एक्सप्रेस
4	16808 तिरुच्चिराप्पल्लि-ताम्बरम एक्सप्रेस
5	16811 मयिलाडुतुरै-सेलम एक्सप्रेस
6	16812 सेलम-मयिलाडुतुरै एक्सप्रेस
7	16847 मयिलाडुतुरै-शेंगोट्टै एक्सप्रेस
8	16848 शेंगोट्टै-मयिलाडुतुरै एक्सप्रेस
9	22675 चेन्नै एग्मोर-तिरुच्चिराप्पल्लि एक्सप्रेस
10	22676 तिरुच्चिराप्पल्लि-चेन्नै एग्मोर एक्सप्रेस
11	56700 तिरुच्चिराप्पल्लि-मयिलाडुतुरै पैसेंजर
12	56745 तंजावूर-तिरुच्चिराप्पल्लि पैसेंजर
13	56805 तिरुवरूर-तिरुच्चिराप्पल्लि पैसेंजर
14	56806 तिरुच्चिराप्पल्लि-तिरुवरूर पैसेंजर
15	56818 तिरुच्चिराप्पल्लि-कारैक्काल पैसेंजर
16	56819 तंजावूर-तिरुच्चिराप्पल्लि पैसेंजर
17	56821 मयिलाडुतुरै-तिरुच्चिराप्पल्लि पैसेंजर
18	56823 तंजावूर-तिरुच्चिराप्पल्लि पैसेंजर
19	56824 तिरुच्चिराप्पल्लि-तंजावूर पैसेंजर
20	76801 मन्नारगुडी-तिरुच्चिराप्पल्लि डेमू
21	76802 तिरुच्चिराप्पल्लि-मन्नारगुडी डेमू
22	76819 कारैक्काल-तिरुच्चिराप्पल्लि डेमू
23	76820 तिरुच्चिराप्पल्लि-कारैक्काल डेमू
24	76825 वेलांकन्नि-तिरुच्चिराप्पल्लि डेमू
25	76826 तिरुच्चिराप्पल्लि-वेलांकन्नि डेमू
26	06716 तिरुच्चिराप्पल्लि-तंजावूर डेमू
27	06717 तिरुतुरैपूंडी-तिरुच्चिराप्पल्लि डेमू

रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलों, मंडल कार्यालय आदि सहित विभिन्न स्तरों पर संसद सदस्यों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि से अन्य बातों के साथ-साथ रेलगाड़ियों को ठहराव देने के लिए औपचारिक और अनौपचारिक दोनों प्रकार के प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं। चूंकि ऐसे प्रस्तावों/अनुरोधों/सुझावों का प्राप्त होना सतत् और गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए, ऐसे अनुरोधों का केन्द्रीकृत सार-संग्रह नहीं रखा जाता है। बहरहाल, इनकी जांच की जाती है और व्यवहार्य एवं औचित्यपूर्ण पाए जाने पर समय-समय पर इन पर कार्रवाई की जाती है जो एक सतत प्रक्रिया है।

इसके अलावा, गाड़ी सेवाओं के ठहराव का प्रावधान, खंड पर अतिरिक्त समय की उपलब्धता और प्लेटफ़ॉर्म लंबाई आदि जैसी अनुरूपी अवसंरचना की उपलब्धता आदि सहित यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता पर निर्भर करती है, जो एक सतत प्रक्रिया है।

******